लोक सभा अध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 14 अगस्त, 2016 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहाः "मैं अपने सभी भाईयों और बहनों को हमारी स्वतंत्रता की 70वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर बधाई देती हूं । यह दिन राष्ट्र निर्माण के पावन कार्य के प्रति हमारी शपथ दोहराने और भाईचारा, सौहार्द और आपसी विश्वास के उच्च मूल्यों के प्रति पुनः समर्पण का है । मैं आशा करती हूं कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस हम सभी को भारत को सक्रिय और सुदृढ़ विश्व शक्ति बनाने के लिए एकता के सूत्र में बांधेगा । "